Civil Services (Main) Examination, 2024

PHKM–U–GEG

# भूगोल (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# GEOGRAPHY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** *(a)* आपको दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर, निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए। अपनी क्यू० सी० ए० पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक/वाणिज्यिक/आर्थिक/पारिस्थितिक/पर्यावरणीय/सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम *30* शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical/commercial/economic/ecological/environmental/cultural, in not more than *30* words for each entry : 2×10=20

*(i)* लूणकरणसर

Lunkaransar

*(ii)* गुआ

Gua

*(iii)* रायडाक नदी

Raidak River

*(iv)* एकता नगर

Ekta Nagar

*(v)* चंदनवारी

Chandanwari

*(vi)* बबीना

Babina

*(vii)* तातिपाका

Tatipaka

*(viii)* अलोंग हवाईअड्डा


Along Airport

*(ix)* कराईकल

Karaikal

*(x)* पन्ना

Panna



(b) शिवालिक के निर्माण के विभिन्न स्पष्टीकरणों के आधार की विवेचना कीजिए।

Discuss the basis of various explanations for the formation of Shiwalik. 10

(c) संरक्षण व प्रजनन केन्द्र, गिद्ध संरक्षण की कार्य योजना, 2020–2025 के महत्त्वपूर्ण घटक हैं। क्यों?

Conservation and breeding centres are important components of the Action Plan for Vulture Conservation, 2020–2025. Why? 10

(d) भारत के उत्तरी-पूर्वी प्रदेश भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील तथा रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। व्याख्या कीजिए।

North-Eastern States of India are geopolitically sensitive and strategically significant. Explain. 10

**2.** (a) भारत में कृषि समृद्धि को नियंत्रित करने में संस्थागत कारक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। साक्ष्य सहित पुष्टि कीजिए।

Institutional factors are playing a dominant role in controlling the agricultural prosperity in India. Justify with evidences. 20

(b) भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023 अंतरिक्ष में वाणिज्यिक उपस्थिति का समर्थन करती है। इससे भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास और सुरक्षा को किस प्रकार लाभ होगा?

The Indian Space Policy, 2023 supports the commercial presence in space. In what ways will it benefit the socio-economic development and security of India? 15

(c) भारत में सन्नगरों के गठन की प्रक्रिया पर विवेचना कीजिए और उनकी समस्याओं का वर्णन कीजिए।

Discuss the process of formation of conurbations in India and describe their problems. 15

**3.** (a) भारत में आर्थिक विकास में व्यापक क्षेत्रीय असमानताएँ हैं। प्रतिरूप, निहितार्थ और चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।

India has wide-ranging regional disparities in economic development. Explain the patterns, implications and challenges. 20

(b) भारत में हिमनदों की प्रकृति में विभिन्नताओं और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the variations in nature of glaciers in India and the emerging issues due to climate change. 15

(c) भारत में घरेलू पर्यटन में अपार स्थानीय संसाधन क्षमता है। कारणों एवं इसके विभिन्न आयामों की विवेचना कीजिए।

Domestic tourism in India has immense local resource potential. Discuss the reasons and its various dimensions. 15

4. (a) प्रवासन क्षेत्रीय विषमताओं का प्रतिबिम्ब है। इसके उत्पत्ति स्थान व गंतव्य स्थान पर कौन-से सामाजिक-आर्थिक और जनसांख्यिकीय परिणाम अनुभव किए जाते हैं?

Migration is the reflection of regional disparities. What socio-economic and demographic consequences are experienced at the place of origin and destination? 20

(b) भारत में विभिन्न जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमों के बावजूद, जनजातीय क्षेत्र अभी भी पिछड़े हुए हैं। उदाहरणों सहित समालोचनात्मक विवेचना कीजिए।

In spite of various tribal area development programmes in India, tribal areas still lag behind. Discuss critically with examples. 15

(c) भारत में पानी की कमी विवादों और झगड़ों का एक महत्त्वपूर्ण कारण है। इसके स्थान-आधारित समाधान हेतु नवोन्मेषी तरीके सुझाइए।

Water scarcity is an important cause of disputes and conflicts in India. Suggest innovative methods for location-based solutions. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारत के कुछ हिस्सों में उच्च वार्षिक वर्षा के वितरण को भौगोलिक कारक कैसे प्रभावित कर रहे हैं?

How are geographic factors influencing the distribution of high annual rainfall in certain parts of India?

(b) भारतीय जनसंख्या बहुसंख्यक नस्लों से सम्बन्धित है। प्रमुख नस्लों के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए।

Indian population belongs to large number of races. Discuss the spatial distribution of major races.

(c) भारतीय कृषि क्षेत्र पर प्रौद्योगिकी की परिवर्ती भूमिका का परीक्षण कीजिए।

Examine the transitional role of technology on Indian agriculture sector.

(d) भारत में सूखा-प्रवण क्षेत्रों के विकास हेतु क्षेत्र-विशिष्ट रणनीतियों का वर्णन कीजिए।

Describe the area-specific strategies for the development of drought-prone areas in India.

(e) भारत में बंदरगाहों और क्षेत्रीय विकास के बीच सम्बन्ध का परीक्षण कीजिए।

Examine the relationship between seaports and regional development in India.

6. *(a)* औद्योगिक अपशिष्ट विविधीकृत है। इससे जुड़ी क्षमताओं और चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

Industrial waste is diversified. Discuss the potentials and challenges associated with it. 20

*(b)* भारतीय राज्यों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, लिंग और आयु संरचना की विशेषताओं में कैसे परिलक्षित होती है?

How is cultural background of States of India reflected in the attributes of sex and age structure? 15

*(c)* ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल शक्ति अभियान : वर्षा जल संचयन, 2024 के केन्द्रित हस्तक्षेपों के लक्ष्यों की विवेचना कीजिए।

Discuss the targets of focused interventions of the Jal Shakti Abhiyan : Catch the Rain, 2024 in rural and urban areas. 15

7. *(a)* भारत विश्व मामलों में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत द्वारा महत्त्वपूर्ण वैश्विक व क्षेत्रीय शिखरों में अपनाए गए रुख का परीक्षण कीजिए।

India is playing a very significant role in world affairs. Examine the stands taken by India in important global and regional summits. 20

*(b)* 73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने भारत में ग्रामीण क्षेत्रों की योजना के लिए कार्य, वित्त व पदाधिकारियों को हस्तांतरित किया। प्रमुख उपलब्धियों की उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

The 73rd Constitutional Amendment Act devolved functions, finances and functionaries for planning of rural areas in India. Discuss the major achievements with examples. 15

*(c)* ग्रामीण भारत में लघु एवं खंडित भूमि जोत, कृषि-पारिस्थितिकी प्रणाली को कैसे प्रभावित करती है? इस मुद्दे पर काबू पाने हेतु कौन-से लचीले कदमों की आवश्यकता है?

How do small and fragmented landholdings affect the agro-ecological system in rural India? What are the resilient steps needed to overcome this issue? 15

8. *(a)* भारतीय नगरों की आकारिकी का ऐतिहासिक वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है? स्वतंत्रता पश्चात् भारत के पहले नियोजित शहर की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

How can morphology of Indian towns be described historically? Discuss the major features of the first planned city in India after independence. 20

(b) स्वास्थ्य भौतिक स्थिति, सांस्कृतिक लक्षणों व पारिस्थितिक सम्बन्ध के बीच पारस्परिक क्रिया का परिणाम है। व्याख्या कीजिए।

Health is the outcome of interaction between physical setting, cultural traits and ecological connection. Explain. 15

(c) भारत में विकसित प्रमुख क्षेत्रीय द्रुत पारगमन प्रणालियाँ कौन-सी हैं? उनके द्वारा शहरी समस्याओं को कैसे सम्बोधित किया जा रहा है?

What are the major regional rapid transit systems developed in India? How are urban problems being addressed by them? 15

★ ★ ★